# 'पर्यटन क्षेत्र में निवेश के लिए यूपी बेहतर विकल्प'

- पर्यटन भवन में हुआ इन्वेस्टर्स कान्क्लेव
- कई देशों के निवेशकों ने हिस्सा लिया

लखनऊ, विशेष संवाददाता। पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में निवेश के लिए बेहतर विकल्प हैं। देश-विदेश में धार्मिक पर्यटन के रूप विख्यात होने के साथ ही यहां ईको, एडवेंचर, रूरल, ऐतिहासिक, क्रूज और एयर टूरिज्म समेत पर्यटन के विभिन्न आयामों में अपार संभावनाएं हैं।

वह शुक्रवार को पर्यटन भवन में आयोजित इन्वेस्टर्स कान्क्लेव में बोल रहे थे। कान्क्लेव में कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के बैनर तले कनाडा और भारत के 27 इन्वेस्टर्स आए थे।

मेश्राम ने कहा कि यूपी पर्यटन क्षेत्र में तेजी से बढ़ता हुआ राज्य हैं। अभी हम घरेलू पर्यटन के मामले में पहले स्थान पर हैं। यहां काशी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने के बाद पर्यटन में कई गुना वृद्धि हुई। लोगों के रोजगार में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में पर्यटन बढ़ रहा है। मथुरा, प्रयागराज में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं।